नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

6 चुनाव आयोग से विपक्ष संतुष्ट नहीं

5 पुणे मेट्रो के फेस-2 को केंद्र की मंजूरी

8 काश मैंने बेहतर प्रदर्शन किया होता

7 भारत की बिजली क्षमता में 56% वृद्धि

41 साल बाद अंतरिक्ष में भारत

1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने शुभांशु शुक्ला | **28** घंटों के बाद अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेगा मिशन | **2.31** बजे एक्सिओम- 4 मिशन ने उड़ान भरी | **140** करोड़ भारतीयों के सपने हुए साकार

फ्लोरिडा, 25 जून. मौसमी और तकनीकी खामियों के कारण कई बार प्रक्षेपण स्थगित रहने के बाद एक्सिओम-4 मिशन आखिरकार बुधवार को अंतरिक्ष के लिए रवाना हो गया. इस मिशन के पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं जो वर्ष 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गये हैं.

एक्सिओम- 4 मिशन ने फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39 ए से स्थानीय समयानुसार 2.31 बजे उड़ान भरी. लगभग 28 घंटों की अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद यह मिशन अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ जाएगा. डॉकिंग समय 26 जून सुबह सात बजे तय किया गया है. इसकी सफलता पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र चौधरी ने एक्स पर कहा-बधाई हो ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला. आप



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं. वास्तव में ये भारत के लिए गर्व का क्षण है. साथ ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा- एक ऐतिहासिक क्षण! ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उनके मिशन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं. 140 करोड़ सपने आपके साथ अंतरिक्ष में उड़ान भरेंगे. आपको और आपके क्रू मेंबर्स को शुभकामनाएं.

एक्सिओम मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए हैं जिनमें मिशन पायलट शुक्ला के अलावा मिशन की उड़ान निदेशक नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटस्न, पोलेंड के स्लावोस्ज उज्नान्सकी-विस्नेवस्की और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कूप शामिल हैं.

मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमरीका के अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं. वह अपने साथ 1 अरब 40 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं, आशाओं और आकांक्षाओं के साथ इस अभियान पर हैं. उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएं!

लॉचिंग के बाद शुभांशु शुक्ला का आया पहला बयान

भारत 41 साल बाद अंतरिक्ष में वापस लौट रहा है. यह अद्भुत यात्रा है. कैप्टन शुक्ला कहा कि मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं. मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है. मैं चाहता हूं कि आप सभी इस यात्रा का हिस्सा बनें. आपका सीना भी गर्व से चौड़ा होना चाहिए आइये, हम सब मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें. जय हिंद! जय भारत!'

आपातकाल और एक्सिओम मिशन पर प्रस्ताव पारित किये

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर बुधवार को यहां एक प्रस्ताव में आपातकाल का विरोध करने और इससे लड़ते हुए बलिदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी. मंत्रिमंडल ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भी एक प्रस्ताव किया. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये दोनों प्रस्ताव पारित किये गये. उन्होंने बताया कि आपातकाल पर लाये गये प्रस्ताव में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने इससे लड़ने वाले अनगिनत लोगों के बलिदानों का स्मरण करने का संकल्प लिया.

करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत

रायसेन, 25 जून. मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की आज मृत्यु हो गयी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिलवानी ब्लॉक के बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया कला में छत डालने के दौरान लिफ्ट मशीन को धक्का लगा रहे मजदूरों को करंट लगने से तीन की मौत हो गई जबकि, चार घायल हैं. मकान की छत ढलाई करने के बाद लिफ्ट मशीन को हटाने के लिए धक्का मारने के दौरान बिजली की लाइन से करंट लगने से अफरा तफरी मच गई. पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची. एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया छत ढलाई के बाद लिफ्ट मशीन को हटाने के दौरान घटना घटी है. जिसमें तीन की मौत और चार मजदूर घायल हुए. पुलिस घटना जांच कर रही है. पड़रिया कला में जमनाप्रसाद कहार के पक्के घर में छत डालने के बाद मसाला बनाने वाली लिफ्ट मशीन को निकालते समय बिजली मशीन को धक्का लगाने वाले 7 लोगों को बिजली करेंट लग गया.

एक नजर में

महाकालेश्वर के सुधांशु त्रिवेदी ने किए दर्शन

उज्जैन. उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद व भा.ज.पा. राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये. पूजन श्री आशीष पुजारी द्वारा सम्पन्न करवाया गया. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्री वीरेंद्र शर्मा द्वारा श्री त्रिवेदी का स्वागत व सत्कार किया गया.

100 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी में 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली. साइबर अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अहम कार्रवाई की है. यह मामला करीब 100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और अवैध धन के लेन-देन से जुड़ा है. जानकारी के अनुसार, ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत मुंबई, सूरत और अहमदाबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी की है. जांच में जिन मुख्य आरोपियों के नाम सामने आए हैं, उनमें मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, महेश माफतलाल देसाई और माज अब्दुल रहीम नाडा शामिल हैं. इन सभी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है.

बीएसएफ ने 2.42 करोड़ का सोना किया जब्त

नई दिल्ली. पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ के सतर्क जवानों ने 2.42 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी को विफल कर दिया. यह कार्रवाई दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 67वीं बटालियन के अंतर्गत लक्ष्मीपुर सीमा चौकी पर की गई. खुफिया सूचना के आधार पर सुबह करीब 7.45 बजे एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया, जो लक्ष्मीपुर गांव की ओर से आ रही थी. जवानों ने सवार के व्यवहार को संदिग्ध पाकर बाइक की गहन तलाशी ली, जिसमें सीट के नीचे प्लास्टिक टेप से लिपटे दो पैकेट मिले.

फैक्टरी में आग से तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली. राष्ट्रीय राजधानी के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पॉलीथीन फैक्ट्री में मंगलवार शाम भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. अग्निशमन विभाग को इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की 15 गाड़ियां और पुलिस की टीम पहुंची. दमकल विभाग के अधिकारी अशोक कुमार जायसवाल ने कहा, हमें कल शाम साढ़े सात बजे आग लगने की सूचना मिली, लेकिन जब हम पहुंचे तो पता चला कि आग वास्तव में करीब एक घंटे पहले लगी थी.

ईरान के 1,480 ठिकानों पर हमला

इजरायल ने 12 दिनों के युद्ध में 3,500 हथियार गिराए

तेल अवीव, 25 जून. इजरायल ने ईरान में अपने 12 दिवसीय व्यापक सैन्य अभियान में 1,480 से अधिक ठिकानों पर हमला किया और लगभग 1,500 हवाई हमले कर 3,500 हथियार गिराए. यह जानकारी इजरायली मीडिया और रक्षा सूत्रों ने बुधवार को दी.

ईरान इंटरनेशनल ने इजरायली सेना और राष्ट्रीय राहत सेवाओं (एमडीए) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि संघर्ष के दौरान 29 इजरायली मारे गए. एक महिला की हवाई हमले के सायरन के दौरान हृदयाघात से मृत्यु हो गई. इजरायली वायुसेना ने इस हमले के दौरान 600 बार हवा में ईंधन भरने का कार्य किया और 80 ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों और 250 मिसाइल प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया. ईरान में आठ परमाणु स्थलों पर बमबारी की गई, जिसमें दो प्रमुख संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचा.

प्रारंभिक हवाई हमलों में नतांज और इस्फाहान को निशाना बनाया गया और इसके बाद अराक, पर्चिन, करज, बोनाब और तेहरान पर हमला किया गया. राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान (आईएनएसएस) के हवाले से कहा गया कि इन हमलों से ईरान के परमाणु अवसंरचना को बहुत नुकसान पहुंचा है और देश की सामरिक प्रक्षेपण क्षमता का अधिकांश हिस्सा नष्ट हो गया है.

ईरान ने रश्त में ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, 25 जून. ईरान के वायु रक्षा बलों ने मंगलवार देर रात उत्तरी शहर रश्त में कई माइक्रो एरियल व्हीकल्स का पता लगाया और उन्हें मार गिराया. अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी. गिलान प्रांत के सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के डिप्टी-गवर्नर अली बाघेरी के अनुसार रश्त पर एमएवी द्वारा हमला किया गया था. उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि मानवरहित विमान इजरायल का था या नहीं. गौरतलब है कि 13 जून को इजरायल ने ईरान के विभिन्न क्षेत्रों पर बड़े हवाई हमले किए. जिनमें परमाणु और सैन्य स्थल शामिल हैं. हमले में कई वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए.

मजीठिया गिरफ्तार, 540 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

- 30 से अधिक उपकरण और कई दस्तावेज मिले
- 161 करोड़ रुपये की भारी बेहिसाब नकदी बरामद

चंडीगढ़ 25 जून. पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने बुधवार को एक ड्रग तस्करी से जुड़े एक मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता और पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर तथा चंडीगढ़ आवासों सहित बाहर जगहों पर छापेमारी की एवं इसी बीच ब्यूरो की टीम ने मजीठिया को यहां स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया.

रिपोर्टों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (सतर्कता)

लखबीर सिंह सहित लगभग 10 से 15 अधिकारी ऑपरेशन के हिस्से के रूप में ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में मजीठिया के घर पहुंचे. पंजाब राज्य अपराध पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्राथमिकी की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) और विजिलेंस ब्यूरो की जांच में मजीठिया द्वारा ड्रग मनी के बड़े पैमाने पर धन शोधन का खुलासा हुआ है.

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि 540 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग मनी को कई तरीकों से धन शोधन किया गया है, जिनमें मजीठिया द्वारा नियंत्रित कंपनियों के बैंक खातों में जमा की गई 161 करोड़ रुपये की भारी बेहिसाब नकदी, संदिग्ध विदेशी संस्थाओं के माध्यम से 141 करोड़ रुपये का चैनलाइजेशन, कंपनी के वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण/स्पष्टीकरण के बिना 236 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जमा और मजीठिया द्वारा बिना किसी वैध आय स्रोत के चल/अचल संपत्ति का अधिग्रहण शामिल है.

> पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि विजिलेंस ब्यूरो ने एफआईआर नंबर दो 20 दिसंबर 2021 की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है, जो धारा 25, 27-ए और 29 एनडीपीएस अधिनियम 1985, पीएस पंजाब राज्य अपराध, एसएएस नगर के तहत दर्ज किया गया है, जिसमें मजीठिया द्वारा ड्रग मनी के बड़े पैमाने पर शोधन का संकेत देने वाले पर्याप्त सबूत सामने आए हैं. इन लेन-देन की जांच विजिलेंस ब्यूरो द्वारा की जा रही है और एसआईटी द्वारा की गई जांच से स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि ये धन बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा सुगमता से सराया इंडस्ट्रीज में डाले गए ड्रग मनी के रूप में थे.

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दिखे 4 संदिग्ध

नई दिल्ली,25 जून. जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सेना के जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद फायरिंग की. यह गतिविधि किरी सेक्टर के चिंगस इलाके में सुबह के समय देखी गई, जब घने पेड़ों के बीच 3-4 संदिग्ध लोगों की हरकत महसूस की गई.

जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग की और तलाशी अभियान शुरू किया. साथ ही क्षेत्र में ड्रोन भी तैनात किए गए, हालांकि अब तक कोई संदिग्ध पकड़ में नहीं आया है. इसी के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने पुंछ, सांबा और कठुआ जिलों में भी 12 से

अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया. पुंछ जिले के सुरनकोट और मेंढर क्षेत्रों में सुबह छह बजे से स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया. यह तलाशी सरी, लोहार मोहल्ला, फागल, हरि टॉप और कल्लर-गुरसाई जैसे संवेदनशील गांवों में की गई.

छत्तीसगढ़ में चार इनामी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर 25, जून. छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में चार इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार नक्सलियों पर 10-10 हजार रुपए के इनाम घोषित थे. ये चारों नक्सली आईईडी लगाने और निर्माण कार्यों में लगे वाहनों पर आगजनी करने की घटनाओं में शामिल रहे हैं. फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के कोपनझर्री के जंगल से इन जन मिलिशिया सदस्य नक्सलियों को पकड़ा गया है. पकड़े गए नक्सलियों में मांडो कुरसम, कैलाश कुरसम, पांडू कुरसम और छोटू कुरसम ऊर्फ बुधराम शामिल हैं.

अब साल में दो बार सीबीएससी 10वीं बोर्ड

नई दिल्ली,25 जून. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) ने वर्ष 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा को साल में दो बार आयोजित करने की घोषणा की है. पहली परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी, जो 17 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक आयोजित होगी और इसका परिणाम 20 अप्रैल को आएगा. दूसरी परीक्षा सुधार के रूप में 5 से 20 मई 2026 के बीच कराई जाएगी, जिसका परिणाम 30 जून को घोषित होगा. यह व्यवस्था छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी. वे चाहें तो दोनों परीक्षाओं में भाग ले सकते हैं या सिर्फ एक में, लेकिन विषयों को बदलने की अनुमति नहीं होगी.

गुस्ताखी माफ

आपातकाल के 50 साल पूरे | बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- पूर्व पीएम इंदिरा ने छीनी थी प्रेस की आजादी

कांग्रेस ने लोकतंत्र को किया कैद



नई दिल्ली, 25 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का 'सबसे काला अध्याय' और 'संविधान हत्या दिवस' बताया और आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया.

मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं. भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं. इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया. ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था. उन्होंने आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया, जिनकी सामूहिक लड़ाई ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करने और चुनाव कराने पर मजबूर किया. उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक ज्वलंत उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था.

> प्रधानमंत्री ने कहा कि 'द इमरजेंसी डायरीज' में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है. इसमें उस समय की कई यादें ताज़ा कर दीं. मोदी ने कहा, मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूँ जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें. इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी.